# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 14.8.26 | 6 | 7-8 |

## देशभक्ति के नारों से गूंजा एचएयू परिसर



तिरंगा रैली को रवाना करते वीसी प्रो. बलदेव राज कांबोज। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने कुलपति सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ शामिल हुए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि अभियान 9 से 17 अगस्त तक चलाया जा रहा है। रैली कुलपति सचिवालय से शुरू होकर सामुदायिक केंद्र, ओल्ड कैंपस, कैंपस स्कूल और फैकल्टी क्लब से होते हुए वापस गंतव्य स्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की प्रमुख इमारतों को तिरंगे के तीन रंगों की रोशनी से सजाया गया है। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा मेल | 15·8·26 | 5 | 7-8 |

## हकृवि में तिरंगा रैली, युवाओं ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



**अशोक कुमार, हरियाणा मेल**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को तिरंगा रैली निकाली गई। छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से आयोजित रैली को कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कुलपति सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ शामिल हुए। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं और विद्यार्थियों में देशप्रेम, कर्तव्यबोध तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है।

उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' अभियान 9 से 17 अगस्त तक चलाया जा रहा है। रैली कुलपति सचिवालय से शुरू होकर सामुदायिक केंद्र, ओल्ड कैंपस, कैंपस स्कूल और फैकल्टी क्लब से होते हुए वापस पहुंची।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 13.08.2026 | ----- | ---- |

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत हकृवि में निकाली गई तिरंगा रैली



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कुलपति सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ रैली में शामिल हुए।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है।

तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति और सामाजिक एकजुटता की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान तथा राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करना आवश्यक है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 14·8·26 | 12 | 1-7 |

### कुलपति प्रो. काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत हकृवि में निकाली रैली

## राष्ट्र ध्वज हमारी आन, बान और शान का प्रतीक

■ रैली में शामिल हुए शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज तिरंगा रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कुलपति सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ रैली में शामिल हुए।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश देती है। उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि तिरंगा यात्रा कुलपति सचिवालय से प्रारंभ होकर सामुदायिक केन्द्र, ओल्ड कैंपस, कैंपस स्कूल, फैकल्टी कल्ब से होते हुए वापिस अपने गंतव्य स्थल पर पहुंची।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 13.08.2026 | ----- | ---- |

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगे की रोशनी से जगमगाया हकृवि परिसर

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। विश्वविद्यालय परिसर की प्रमुख इमारतों को राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों-केसरिया, सफेद और हरे रंग की रोशनी से सजाया गया है। रात्रि के समय तिरंगे की रोशनी से जगमगाता विश्वविद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से सराबोर नजर आ रहा है और यह दृश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। तिरंगे के रंगों से सजा परिसर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दे रहा है।

**80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर**

विश्वविद्यालय परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी कैंपस स्कूल में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से उनमें राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली जाएगी तिरंगा रैली**

छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली जाएगी। रैली को कुलपति सचिवालय से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गौरतलब है कि देशभर में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। तिरंगा यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूक करना है।

**वन महोत्सव के तहत होगा पौधारोपण**



स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर वन महोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज कैंपस स्कूल परिसर में पौधरोपण करेंगे। साथ ही वे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों को वर्षा ऋतु के दौरान अधिक से अधिक पौधे रोपित करने तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे।